# राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज
## बाँदा (उ०प्र०)

(पूर्ववर्ती डॉ० भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ इन्फारमेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, बाँदा)

# प्रशासकीय परिषद की दसवीं बैठक का कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक संख्या | : | दसवीं |
| दिनाँक | : | 30.09.2020 |
| दिन | : | बुधवार |
| समय | : | 01:00 PM |
| माध्यम | : | ऑनलाइन (ज़ूम)<br>मीटिंग आई०डी०–86580515061<br>पासवर्ड–014236 |

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा की प्रशासकीय परिषद की दसवीं बैठक माननीय अध्यक्ष श्री कृष्ण कुमार परोलिया की अध्यक्षता में दिनाँक 30.09.2020 को सम्पन्न हुई। बैठक का उपस्थिति विवरण निम्न हैः

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री कृष्ण कुमार परोलिया<br>505, मम्फोर्डगंज, प्रयागराज | अध्यक्ष |
| 2. | श्रीमती एस० राधा चौहान<br>अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ०प्र० शासन लखनऊ | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री राज नारायण सिंह<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज<br>(अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ०प्र० शासन लखनऊ द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |
| 4. | प्रो० विनय कुमार पाठक<br>माननीय कुलपति, डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ | सदस्य |
| 5. | श्री मनोज कुमार<br>निदेशक,<br>प्राविधिक शिक्षा निदेशालय उ०प्र०, कानपुर | सदस्य |
| 6. | प्रो० जे० पी० सैनी<br>माननीय कुलपति, एन०एस०यू०टी० नई दिल्ली | सदस्य |
| 7. | प्रो० रचना अस्थाना<br>निदेशक,<br>डॉ० अम्बेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी फॉर हैंडीकैप्ड कानपुर | सदस्य |
| 8. | डॉ० एम० के० मोंदल<br>प्रोफेसर, केमिकल इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी विभाग,<br>भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी०एच०यू०) वाराणसी<br>(निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बी०एच०यू०) वाराणसी द्वारा नामित प्रतिनिधि) | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 9. | प्रो० पी०एम० पाण्डेय<br>प्रोफेसर, मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>आई०आई०टी० दिल्ली, नई दिल्ली | सदस्य |
| 10. | प्रो० डी० परमार<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>एच०बी०टी०यू० कानपुर | सदस्य |
| 11. | श्री द्वारकाधीश बाधवा<br>मे० साकेत टयूब्स (आर०सी०सी० ह्यूम पाइप इकाई), लखनऊ | सदस्य |
| 12. | प्रो० विनीत कंसल<br>प्रति कुलपति, डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ | सदस्य |
| 13. | प्रो० गोविन्द पाण्डे<br>प्रोफेसर, सिविल इंजीनियरिंग विभाग,<br>एम०एम०एम०यू०टी० गोरखपुर | सदस्य |
| 14. | प्रो० के०ए० मिश्रा<br>प्रोफेसर (रिटायर्ड), इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग,<br>एच०बी०टी०यू० कानपुर | सदस्य |
| 15. | प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल<br>निदेशक<br>राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा | सदस्य सचिव |

| मद सं० | मद का विवरण |
|---|---|
| 10:01 | **संस्थान की प्रशासकीय परिषद की दिनांक 17.06.2020 को सम्पन्न हुयी नवीं बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण**<br>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 17.06.2020 को सम्पन्न हुई नवीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 10:02 | **प्रशासकीय परिषद की दिनांक 17.06.2020 को सम्पन्न हुयी नवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर कृत कार्यवाही का विवरण**<br>प्रशासकीय परिषद की दिनाँक 17.06.2020 को सम्पन्न हुई नवीं बैठक में लिए गए निर्णयों पर अब तक कृत कार्यवाही से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। |
| 10:03 | **विश्व बैंक पोषित टेक्विप–III के अंतर्गत तिमाही कार्य योजना, पी०एम०एस०एस० पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रोक्योरमेंट प्लान, किए गए क्रय/व्यय/माइनर सिविल वर्क्स/शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों की सूचना एवं अनुमोदन**<br>विश्व बैंक पोषित टेक्विप–III के अंतर्गत तिमाही कार्य योजना, पी०एम०एस०एस० पोर्टल पर अपलोड किए गए प्रोक्योरमेंट प्लान, किए गए क्रय/व्यय/माइनर सिविल वर्क्स/शैक्षणिक गतिविधियों एवं अन्य गतिविधियों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। माननीय सदस्यों ने राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बांदा को टेक्विप–III परियोजना में उत्तम प्रदर्शन के फलस्वरूप भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय परियोजना एकक से प्राप्त रु० 1.00 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि के लिये संस्थान की समस्त टीम को बधाई दी। |
| 10:04 | **डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा वित्त पोषित दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किये गये क्रय/व्यय, सेवायें लिये जाने, निर्माण कार्य इत्यादि की सूचना तथा अनुमोदन**<br>डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा वित्त पोषित दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान द्वारा विश्वविद्यालय को भेजे गये प्रस्ताव, किए गए क्रय/व्यय, सेवायें लिए जाने एवं निर्माण कार्य इत्यादि |

| | |
|---|---|
| | की प्रगति आख्या तथा दीनदयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के द्वितीय चरण हेतु संस्थान से प्रस्ताव विश्वविद्यालय को प्रेषित किए जाने की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। प्रशासकीय परिषद द्वारा सुझाव दिया गया कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान में नेशनल नालेज नेटवर्क (NKN) के माध्यम से ली जाने वाली 1GB बैंडविट्थ इंटरनेट लीज्ड लाइन लिये जाने से पूर्व यह देख लिया जाय कि लगभग इसी व्यय में नेशनल नालेज नेटवर्क (NKN) संस्थान को 10GB बैंडविट्थ इंटरनेट लीज्ड लाइन दे सकता है अथवा नहीं। |
| 10:05 | **डॉ० श्रद्धा मिश्रा, DST INSPIRE Faculty द्वारा DST प्रोजेक्ट के आगामी क्रियान्वयन हेतु मेजबान संस्थान (Host Institute) के परिवर्तन हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी किए जाने पर विचार**<br>डॉ० श्रद्धा मिश्रा, DST INSPIRE Faculty की संस्थान में अनुपस्थिति अवधि 16.09.2019 से 15.03.2020 एवं 01.06.2020 से अद्यतन को अवैतनिक अवकाश मानने हेतु प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। डॉ० श्रद्धा मिश्रा द्वारा शेष DST प्रोजेक्ट का आगामी क्रियान्वयन आई०आई०टी० कानपुर से किए जाने हेतु संस्थान द्वारा अनापत्ति प्रमाण–पत्र जारी किए जाने के प्रकरण पर प्रशासकीय परिषद द्वारा यह निर्णय लिया गया कि DST INSPIRE Faculty द्वारा लंबे समय तक अनुपस्थिति के स्पष्ट उदाहरण में भी उसे अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान किया जा सकता है। उसे भविष्य में सलाह दी जाती है कि वह शोध के लिये बेहतर कमिटमेंट प्रदर्शित करे ताकि वैज्ञानिक समुदाय को उसके अनुसंधान का लाभ मिले। |
| 10:06 | **संस्थान परिसर में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुये विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया–कलापों की सूचना**<br>संस्थान में पिछली प्रशासकीय परिषद के बाद से अद्यतन हुए विकास कार्यों एवं अन्य शैक्षणिक क्रिया–कलापों की सूचना से प्रशासकीय परिषद अवगत हुई। |
| 10:07 | **संस्थान में नए निदेशक के चयन हेतु विज्ञापन प्रकाशन हेतु अनुमोदन**<br>संस्थान में नए निदेशक के चयन हेतु प्रकाशित कराए जाने वाले विज्ञापन पर प्रशासकीय परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान करते हुये शासन से प्राप्त दिशानिर्देशों के क्रम में कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। |

| | |
|---|---|
| 10:17 | <u>संस्थान में रिक्त शैक्षणिक पदों के रोस्टर एवं विज्ञापन आदि के सम्बन्ध में सूचना एवं अनुमोदन</u><br>संस्थान में रिक्त नियमित शैक्षणिक पदों के रोस्टर एवं चयन संबंधी विज्ञापन व प्रक्रिया आदि के सम्बन्ध में प्रशासकीय परिषद अवगत हुई तथा अनुमोदन प्रदान किया। प्रशासकीय परिषद ने यह भी निर्णय लिया कि संस्थान में रिक्त नियमित शैक्षणिक पदों के चयन में समस्त अभ्यर्थियों का डोमेन नॉलेज परीक्षण डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा केन्द्रीयकृत रूप से किया जायगा। |
| 10:18 | <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य मद</u><br>अन्य किसी मद पर विचार नहीं किया गया। |

बैठक अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

(प्रो० शिव प्रसाद शुक्ल)
सदस्य–सचिव, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा

(श्री कृष्ण कुमार परोलिया)
अध्यक्ष, प्रशासकीय परिषद
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बाँदा